भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग

लोक सभा
तारांकित प्रश्न सं. *176
उत्तर देने की तारीख 11 फरवरी, 2026

ग्लोबल सैटेलाइट फोन सेवा (जीएसपीएस)

***176. श्री एम. के. राघवनः**

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) ने आम जनता और निजी उद्यमों को ग्लोबल सैटेलाइट फोन सेवा (जीएसपीएस) की बिक्री शुरू की है और यदि हां, तो इसे शुरू करने की तिथि और प्रदान की जाने वाली सेवाओं की श्रेणियों सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने जीएसपीएस सेवाओं का लाभ उठाने वाले नागरिकों और निजी संगठनों के लिए कोई दिशानिर्देश या पात्रता मानदंड निर्धारित किए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या बीएसएनएल द्वारा जीएसपीएस उपकरणों और कॉल/डाटा उपयोग के प्रभारों को अंतिम रूप दे दिया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार इसकी वहनीयता को सुनिश्चित करने के लिए प्रशुल्क को विनियमित करने की योजना बना रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी व्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या सरकार ने सुरक्षित संचार सुनिश्चित करने और अनधिकृत प्रयोक्ताओं द्वारा जीएसपीएस के दुरुपयोग को रोकने के लिए कोई उपाय किए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी व्यौरा क्या है?

उत्तर
संचार एवं उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री
(श्री ज्योतिरादित्य मा. सिंधिया)

(क) से (ङ) विवरण सभापटल पर रख दिया गया है ।

"ग्लोबल सैटेलाइट फोन सेवा (जीएसपीएस)" के बारे में 11 फरवरी, 2026 के लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 176 (स्थिति संख्या 16) के उत्तर के भाग (क) से (ङ) के संबंध में लोक सभा के पटल पर रखा जाने वाला विवरण

(क) बीएसएनएल आम जनता और निजी उद्यमों को दिनांक 1.1.2018 से ग्लोबल सेटेलाइट फ़ोन सेवा (जीएसपीएस) द्वारा वाइस काल और एसएमएस सेवायें प्रदान करता है।

(ख) और (ङ) दूरसंचार विभाग ने सेटेलाइट आधारित सेवाओं के प्रावधान के संबंध में दिनांक 12.6.2017 के पत्र के तहत अनुदेश जारी किए हैं जिसमें अन्य बातों के साथ साथ यह अधिदेश दिया गया है कि बीएसएनएल को मोबाइल कनेक्शनों के लिए समय समय पर यथा संशोधित की गई विहित कस्टमर एक्यूजीशन प्रोसेस पूरा करना होता है। बीएसएनएल उपभोक्ताओं से ब्यौरे, जैसे कि प्रयोग करने का स्थान, प्रयोग करने की अवधि और प्रयोजन जिसके लिए सेटेलाइट हैंडसैट का उपयोग किया जायेगा, भी प्राप्त करेगा। इसके अतिरिक्त जीएसपीएस सेवा स्वाभाविक रूप से सुरक्षित संचार है क्योंकि सूचना एन्क्रिपटेड रूप में अंतरित की जाती है।

(ग) बीएसएनएल जीएसपीएस के माध्यम से केवल वाइस और एसएमएस सेवाएं प्रदान करता है। जीएसपीएस के लिए टैरिफ़ प्लान का ब्यौरा अनुबंध-1 में दिया गया है।

(घ) टेलीकाम रेग्युलेटरी अथारिटी आफ़ इंडिया भारत में दूरसंचार सेवाओं के लिए टैरिफ़ के विनियमन के लिए स्वतंत्र प्राधिकरण है। वर्तमान विनियामक टैरिफ़ प्रावधानों के अनुसार राष्ट्रीय रोमिंग, ग्रामीण फ़िक्सड लाइन सेवाओं, मोबाइल नंबर पोर्टेबिलिटी शुल्क और लीज्ड सर्किट जैसी सेवाओं को छोड़कर दूरसंचार सेवाओं के लिए टैरिफ़ फारेबियरेंस के अधीन है रूरल अनबैंक्ड फ़ीचर फ़ोन प्रयोक्ताओं में वित्तीय समावेशन को बढावा देने के लिए अनस्ट्रक्चर्ड सप्लीमेंटरी सर्विस डाटा (यूएसएसडी) सेवाओं के लिए ‘शून्य’ टैरिफ़ विहित किया गया है।

दिनांक 11.2.2026 को उत्तर के लिए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 176 का अनुबंध 1

<u>ग्लोबल सेटेलाइट फ़ोन सेवाओं के लिए टैरिफ़ प्लान (1.1.2026 से प्रभावी)</u>

क. पोस्ट पेड प्लान

		सरकारी		**वाणिज्यिक**
		प्लान जी1	**प्लान जी2**	**प्लान सी1**
1	नियत मासिक प्लान (₹)	3500	5835	11670
2	फ़्री टाक टाइम(मिनटों में) या एसएमएस	16	30	60

ख. प्रीपेड प्लान

		सरकारी		**वाणिज्यिक**	
		प्लान जी1 (मासिक)	**प्लान जीए (वार्षिक)**	**प्लान सी1 (मासिक)**	**प्लान सीए (वार्षिक)**
1	प्लान शुल्क (₹)	3500	38500	5835	64185
2	फ़्री टाक टाइम (मिनट में) या एसएमएस	20	240	30	360

ग. फ़्री टाक टाइम और एसएमएस समाप्त होने के बाद उपभोक्ता को निम्न दर से शुल्क अदा करना अपेक्षित है :

- सरकारी उपभोक्ताओं के लिए **18/** रुपए प्रति मिनट/एसएमएस
- वाणिज्यिक उपभोक्ताओं के लिए **25/** रुपए प्रति मिनट/एसएमएस

घ. प्रीपेड प्लान के लिए अतिरिक्त रिचार्ज/टाप अप 200/500/1000/5000/10000 रूपए के वर्गमूल्य में उपलब्ध हैं।

*उपर्युक्त सभी प्रभारों में जीएसटी शामिल नहीं हैं।